हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

11 प्रवेश उत्सव : विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर गिनवाई ...



12 मेरा नौ डांडी का बीजणा, मेरे हाथ में नेजु डोल गीत...



**खबर संक्षेप**

### 10 मई को होगा लोक अदालत का आयोजन

**चरखी दादरी।** जिला न्यायिक परिसर में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि लोक अदालत में आम नागरिकों को कम खर्च में जल्दी न्याय सुलभ होता है।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**लोहारू।** मंगलवार दोपहर चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के पास एक मोटरसाइकिल की टक्कर से दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार शहर के वार्ड न. तीन निवासी करीब 70 वर्षीय नत्थूराम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोहारू के खेत में नर्सरी का काम करने वाला वार्ड न. तीन निवासी करीब 70 वर्षीय नत्थूराम मोटरसाइकिल पर सवार होकर लोहारू शहर की तरफ आ रहा था। इस दौरान कथित रूप पीछे से एक दूसरी मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को ठोक दिया और घायल होकर नीचे गिर गए।

### गांव दुर्जनपुर के सरकारी स्कूल में दूसरी बार चोरी



**बवानीखेड़ा।** गांव दुर्जनपुर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला को चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया और लोहे का कबाड़ आदि सामान चोरी करके ले गए हालांकि बीते माह भी इसी स्कूल से हजारों के सामान की चोरी हुई थी। पुलिस में दी शिकायत में स्कूल मुखिया राहेश कुमार ने बताया कि वह विद्यालय में इंचार्ज है और सोमवार को छुटटी पश्चात स्कूल बंद करके घर चले गए मंगलवार को आकर देखा तो स्कूल के दो ताले टूटे हुए थे जिसमें एक कमरे में राशन बनाने का पीतल का बड़ा पतीला व लोहे के पुराने बैंच का सामन आदि चोरी मिला।

### खनन विभाग और टास्क फोर्स टीम ने जांचे वाहन

**भिवानी।** अवैध खनन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग द्वारा निरंतर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। मंगलवार को विभाग ने बापोड़ा और भिवानी के बाईपास पर वाहनों की चेकिंग की। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि अवैध खनन की निगरानी प्रशासन पारखी नजर से कर रहा है। खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर गाड़ियों की निगरानी कर रही हैं। खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर पहाड़ियों में भी निगरानी कर रही हैं।

# बुलेट बाइक का साइलेंसर बदला तो नपेंगे मैकेनिक: सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कसा शिकंजा

भिवानी पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने और पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिल चालकों साथ साथ मैकेनिकों पर भी शिकंजा कसना आरंभ कर दिया है। अब बुलेट मोटरसाइकिल का साइलेंसर बदला तो उस मिस्त्री के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पटाखे छोड़ने वाले साइलेंसर रखने वाले मिस्त्रियों व दुकानदारों का नपना भी तय है।

## यातायात पुलिस निरीक्षक ने बाइक मिस्त्रियों के साथ की बैठक

मंगलवार को यातायात पुलिस के निरीक्षक ने बाइक मिस्त्रियों की बैठक आयोजित की और बैठक में बुलेट बाइक का साइलेंसर न बदलने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई बाइक चालक पटाखे छोड़ने वाला साइलेंसर लगवाता है तो वे किसी भी सूरत में इस तरह का साइलेंसर न लगाए। अगर किसी भी मिस्त्री ने इसके बावजूद इस तरह का साइलेंसर लगाया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कुछेक बाइक चालक बुलेट बाइक का पटाखा छोड़ने वाला साइलेंसर लगवा लेते है और वे पास से गुजर रहे वाहन को ओवरटेक करते वक्त एकदम पटाखा बजा देते हैं। इससे दूसरे वाहन चालक का संतुलन बिगड़ने का भय बना रहता है। ऐसे में पटाखे न बजाने की नसीहत दी जा रही है।



**भिवानी।** बैठक में बाइक मिस्त्रीयों को संबोधित करतें पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### दो लाख 23 हजार जुर्माना वसूला

निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा पटाखे की आवाज निकालने पर 2,23,000 रुपये का चालान किया गया है। साथ ही मोटरसाइकिल से साइलेंसर को भी हटाया गया। उन्होंने साथ ही मोटरसाइकिल में पटाखा बजाने वाले विशेष उपकरण लगाने का काम करने वाले मिस्त्रियो की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। प्रबंधक थाना यातायात भिवानी के द्वारा मोटरसाइकिल के मिस्त्रियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया था,जिसमें प्रबंधक थाना यातायात ने मोटरसाइकिल मिस्त्रियों को बताया कि वह उनकी दुकान पर जो बुलेट मोटरसाइकिल का साइलेंसर बदलवाने के लिए आते हैं उन मोटरसाइकिल चालकों के कहने पर साइलेंसर न बदलें ।

## सुविधा : नगरपरिषद ने तैयारी की शुरू, हजारों लोगों को होगा फायदा

# सार्वजनिक जगहों पर बनेंगे अस्थायी शौचालय, नप ने जगह की चिह्नित

■ शहर के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को शौंच के लिए किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शहर के साथ साथ गांवों से आने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब शहर में सार्वजिनक जगहों पर अस्थाई शौचालयों बनवाए जाएंगे। हालांकि अभी यह तय नहीं हो पाया है कि कितनी जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाए जाएंगे,लेकिन नगरपरिषद ने इस तरह की सार्वजनिक जगहों को चिहिंत कर लिया है। जल्द ही सार्वजनिक जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाए जाने का कार्य शुरू हो जाएगा। उसके बाद शहर के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को शौंच के लिए किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि अभी तक शहर की मुख्य जगहों पर सार्वजिनक शौचालय स्थापित किए गए है,लेकिन अब नगरपरिषद सार्वजनिक जगहों पर अस्थाई शौचालय भी बनाने जा रही है। मसलन स्कूल कॉलेज, अनाज व सब्जी मंडी आदि शामिल है। जहां पर शहर के अलावा ग्रामीण इलाके के लोग विभिन्न कार्यो से पहुंचते हो। उन जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाए जाने की योजना है। फिलहाल नगर परिषद ने सार्वजनिक जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाए जाने को लेकर जगहों का चयन करना आरंभ कर दिया है। नगरपरिषद ने करीब एक दर्जन से ज्यादा जगहों को चिहिंत किया गया है। ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न बन पाए। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनने से शहर में आने वालें लोगों को शौच के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा।



**भिवानी।** सार्वजनिक शौचालयों के गेट की मरम्मत करता मैकेनिक।

### करीब एक करोड़ रुपये आएगा खर्च

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के अधिकांश सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत आदि का कार्य पूरा करवाया जा चुका है। कुछेक बचे है। उनको भी दुरुस्त करवाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि शहर में नौ अतिरिक्त शौचालय बनवाए जाने की योजना है। जिस पर करीब एक करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसी तरह स्कूल कॉलेज, सार्वजनिक जगह जहां पर रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। उन जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाए जाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। ताकि शहर के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

### नौ जगहों पर बनेंगे अतिरिक्त शौचालय

बताया जा रहा है कि नगरपरिषद सार्वजिनक जगहों पर अस्थाई शौचालय बनाने जा रही है। इनके अलावा नगरपरिषद शहर में सबसे ज्यादा व्यस्तम नौ जगहों पर नौ शौचालयों का भी निर्माण करवाएगी। इन नौ शौचालयों पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिसके लिए नगरपरिषद ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही ऐसे जगहों का चयन किया जा रहा है।

# नप के अध्यक्ष व पार्षदों ने पंचकूला में ली शपथ

■ प्रदेश में पहली बार सामूहिक शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

निकाय चुनावों के नवनिर्वाचित पार्षदों और अध्यक्षों को मंगलवार को पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह और कई मंत्रियों की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पहली बार प्रदेश में इस प्रकार का सामूहिक शपथग्रहण समारोह आयोजित किया है। वहीं लोहारू के पार्षदों और नपा अध्यक्ष प्रदीप तायल ने इस सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली।

नवनिर्वाचित लोहारू के नगर पालिका प्रधान प्रदीप तायल, वार्ड एक से पूजा, वार्ड न. 2 से सुनील सोलंकी, वार्ड न. तीन से राजेश सैनी, वार्ड न. चार से महेश कुमार, वार्ड न. पांच से संजू कुमारी, वार्ड न. 7 से अशोक सैनी, वार्ड न. आठ से संतालाल, वार्ड न. 9 से रवि अग्रवाल, वार्ड न. 10 से जय सिंह सैनी, वार्ड न. 11 से पूजा सैनी, वार्ड न. 12 से दिव्या सैनी, वार्ड न. 13 से अजय शर्मा और वार्ड न. 14 से अंतर सिंह ने इस शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि उन्होंने पहली बार यह शपथ पंचकूला में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अन्य कई मंत्रियों की मौजूदगी में ली है। प्रधान बंटी तायल और पार्षदों ने कहा कि लोहारू शहर की जनता ने उन पर उर जो भरोसा जताया है वे उसका निर्वहन करेंगे। एकजुट होकर लोहारू शहर के विकास को नई ऊंचाइंया दी जाएंगी।

### नपा चेयरमैन व पार्षदों ने पंचकूला में ली शपथ

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका के नवनियुक्त चेयरमैन सुंदर अत्री सहित समस्त 16 पार्षदों ने पंचकूला पहुंचकर शपथ ली। हालांकि मंगलवार सुबह 5 बजे नपा द्वारा बस की व्यवस्था की गई और चेयरमैन सुंदर अत्री, पार्षदगण इसमें सवार हुए तो कुछ पार्षद अपनी व्यवस्था करके निर्धारित स्थान पर पहुंचे। सभी ने पहुंचकर वहां पर शपथ ली। चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि वे शहर की जनता का भरोसा कभी टूटने नहीं देगे और विकास कार्यों की झड़ी लगाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रीपल इंजन की सरकार विकास के लिए कटीबद्ध है। शहर की हर समस्या की जनाकरी उनके पास है और वे समस्या का समाधान करवाने का काम करेंगे। किसी के साथ विकास के मामले में भेदभाव नहीं किया जाएगा। वहीं सभी की शपथ लेते ही शहर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और शहर में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की।

# डिफाल्टरों पर चलेगा बिजली निगम का चाबुक, काटे जाएंगे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बिजली निगम के डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर प्रशासन की कड़ी नजर दिखाई देने लगी है। इसी को लेकर उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार के आदेशानुसार कनिष्ट अभियंता सुमित, अजय राणा, विनोद कुमार, सतीश कुमार, रवि, विनोद आदि की टीमें गठित की गई जिन्होंने सरकारी कार्यालयों व निजी कनेक्शन उपभोक्ताओं के पास जाकर बकाया राशि जमा कराने की आदेश दिए। बताया जाता है कि तहसील कार्यालय 25 लाख का बिल बकाया है वहीं स्वास्थ्य विभाग का भी करीबन एक लाख का बिल पेंडिंग है। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का करीबन 60हजार रुपये बिल पेंडिंग है। वहीं थाना कार्यालय, बीडीपीओ, रेलवे स्टेशन आदि में भी विभाग की हजारों की राशि बकाया है। विभाग द्वारा सूची तैयार कर ली गई है और बिल अदा न होने की एवज में जल्द ही इनके कनेक्शन काटे जाएंगे। बता दें की बीते वर्ष भी काफी समय तक तहसील कार्यालय के कनेक्शन काटे जाने पर काम बाधित हुए थे। वही इस बारे में उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश है यदि बिल जमा नहीं करवाए गए तो कनेक्शन काट दिए जाएंगे।



### डीसी ने गांव प्रेम नगर और तिगड़ाना के खेतों में जाकर की गिरदावरी की पड़ताल

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक मंगलवार को गांव प्रेम नगर और तिगड़ाना के खेतों में पहुंचे। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गिरदावरी की पड़ताल की। उन्होंने तहसीलदार सुरेश कुमार और कानूनगो मंगल राठी, पटवारी राकेश व संजीत सिंह से पूरी जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा जो फसल बोई गई हैं, उसका गिरदावरी में सही दर्शाया जाए। डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों में हुए खराबे का सही आकलन करें और गिरदावरी में उसको दर्ज जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, गिरदावरी का कार्य सही ढंग से किया जाए। इस दौरान उन्होंने किसानों से भी गावों में गिरदावरी बारे विस्तार पूर्वक जानकारी भी ली। इस दौरान उपायुक्त ने किसानों से बातचीत की।



# अनुबंधित कर्मचारियों ने मांगों को लेकर बैठक लेकर सौंपा ज्ञापन

■ यूनिट प्रधान बोले पिछले 2022 के लगभग 6 महीने का पीएफ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय के प्रांगण में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की सब यूनिट बवानी खेड़ा की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान नरेश कुमार व मंच संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। वहीं बैठक में राज्य कार्यकारिणी से कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला व जिला प्रधान इमरान बापोड़ा विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल हुए।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि उनकी कर्मचारियों की पिछले 2022 के लगभग 6 महीने का पीएफ बकाया है जो सोमूख कंपनी ने आज तक जमा नहीं करवाया गया है। उसे कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिसके चलते कर्मचारियों में भारी रोष बना हुआ है। वही कर्मचारियों ने मांग की गई जिसमें उनकी दुर्घटना बीमा व अन्य सुविधाएं पक्के कर्मचारियों की तरह दी जाए। वर्दी भत्ता भी दिया जाए। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों की आए दिन कहीं ना कहीं कोई दुर्घटना होती रहती है जिसके चलते उन्हें अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही एसडीओ साहब ने यूनियन की मांगों को अपने उच्च अधिकारियों के सामने रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी सदस्य धर्म सिंह, उप प्रधान प्रवीण तिगड़ाना,विजेंद्र सिंह, विनोद ओला, मनु गुर्जर, भूप सिंह, अशोक तालु, देवेंद्र, सहित अनेको कर्मचारी मौजूद थे।



## सीआरएसयू जींद द्वितीय तथा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा तृतीय रही

# सीबीएलयू बनी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल में हार-जीत चलती रहती है। जीत एक पड़ाव है, खिलाड़ी असफलता से हताश होने की बजाय दुगुने आत्मविश्वास से जीत के लिए आगे बढ़ें। ये विचार कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहे।

उन्होंने असफल रहने वाले खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि वे हार से हताश न हों और दुगुने आत्मविश्वास से जीत की ओर बढ़ें।

उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी एवं हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं खेल विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल एवं शिक्षा एक साथ चल सकते हैं इसके लिए एटिट्यूड अच्छा होना चाहिए। खिलाड़ी खेल और शिक्षा दोनों को साथ लेकर चलेंगे तो निश्चित तौर पर सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 2036 में भारत में होने वाले ओलंपिक खेलों में देश के लिए 70 पदक और प्रदेश के लिए 36 पदक के लक्ष्य को पूरा कर राष्ट्र निर्माण के भागी बनें। खिलाड़ी परविंदर सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष डॉ मीतेश शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।



### किया सम्मानित

फाइनल मैच में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने प्रथम, सीआरएसयू जींद ने द्वितीय तथा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रेमनगर सरपंच राजेश कुमार ने विजेता तीनों टीमों को 21 सौ 21सौ रुपए देकर सम्मानित किया। प्रेमनगर निवासी जोगेंद्र बुरा ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को 11 सौ रुपए देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ बीरेंद्र हुड्डा, स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ वजीर सिंह, डॉ शमशेर सिंह अहलावत,डॉ लखा सिंह,डॉ गीता, डॉ अनुराग डॉ मंजीत सहित अनेक कर्मचारी,प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।




### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में बवानी खेड़ा का विकास अव्वल

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के होनहार आर्चरी खिलाड़ी विकास भाकर ने आर्चरी गेम्स में विजय हासिल करके सिल्वर मैडल प्राप्त किया। जिससे बवानी खेड़ा में खिलाड़ी के परिजनों व कस्बावासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खिलाड़ी विकास भाकर ने बताया कि खेला इंडिया पैरा गेम्स 2025 जो दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 20 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित हुए जिसमें 22 व 23 मार्च को आर्चरी गेम्स हुआ जिसमें उन्होने स्टीक निशाना लगाते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त किया। बतां दे की खिलाड़ी दोनों पावं से दिव्यांग है और व्हीलचेयर पर बैठक निशाना लगाता है। सभी ने खिलाड़ी के हौसलों की दाद देते हुए उसका मनोबल बढ़ाया।



# ‘फुले’ में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म ‘फुले’का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म ‘फुले’ में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style


# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी ‘सिकंदर’

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ ‘एनिमल’ और अल्लू अर्जुन के साथ ‘पुष्पा 2 द रूल’ शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म ‘सिकंदर’ में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



हॉलीवुड मसाला




# ‘द डोनट ब्रदर्स’ पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को ‘गो’ कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, ‘मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई ‘नो अदर लैंड’

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री ‘नो अदर लैंड’ के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। ‘नो अदर लैंड’ का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में ‘रंगभेद की स्थिति’ की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। ‘नो अदर लैंड’ में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# ‘छोरी-2’ में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म ‘छोरी’ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी ‘छोरी 2’ भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। ‘छोरी 2’ के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म ‘छोरी 2’ के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, ‘एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ’। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# ‘रेड-2’ से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म ‘रेड 2’ की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई’। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, ‘रेड 2’ आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म ‘एनिमल’ से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज ‘आश्रम’ ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, ‘हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।’ उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह ‘जपनाम’ कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, ‘एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम’ ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी ‘जपनाम’ कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त



कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों*



*के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें ‘लंदन ठुमकदा’, ‘कर गई चुल’, ‘काला चश्मा’, और ‘आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*

# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2 :** 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म ‘रेड’1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब ‘रेड’ के लगभग 7 साल बाद मेकर्स ‘रेड 2’ लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। ‘रेड 2’ 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5 :** साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी ‘हाउसफुल 5’ इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो



चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

**वॉर 2 :** यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी ‘वॉर 2’ इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर ‘वॉर’ की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2 :** अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म ‘दे दे प्यार दे’साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग ‘दे दे प्यार दे 2’ इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। ‘दे दे प्यार दे 2’ में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म ‘सनम बेवफा’ और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का तुरंत करें समाधानः नगराधीश

**भिवानी।** नगराधीश अनिल कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का शीघ्र समाधान करें। समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना ही है। सीटीएम अनिल कुमार मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**भिवानी।** जिला भाजपा कार्यालय में एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा गोष्ठी का आयोजन करवाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने शिरकत की तथा विशेष तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव ने की। इस मौके पर मुख्यअतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लोकतंत्र की मजबूती और प्रशासनिक लागत में कमी का माध्यम बताया।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भिवानी।** नशामुक्त जागरूता अभियान के तहत खंड शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना करते हुए एस.आर.के.रा.व.मा विद्यालय लोहानी में प्राचार्य भगत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नशामुक्त जागरूकता रैली में विद्यार्थियों व समस्त स्कूल स्टाफ ने भाग लिया। प्राचार्य भगत सिंह कोठारी ने प्रार्थना सभा में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया।

### छोटी काशी में मंगलवारी माता का मेला लगा

**भिवानी।** छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी की पहचान समय-समय पर होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजन से विशेष तौर पर होती है, जिसमें दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुगण यहां पहुंचते है तथा भगवान से अपने परिवार की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते है। इसी धार्मिक आयोजनों में शीतला माता का मेला जिसे मंगलवारी माता का मेला भी कहा जाता है। दूर दराज व क्षेत्र के लोग बुधवार को शीतला माता को धोक लगाते है। इसी कड़ी में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले मनाए जा रहे फाग महोत्सव के तहत हनुमान जोहड़ी मंदिर में मंगलवारी माता के तीसरे मेले का आयोजन हुआ।

### सुरक्षा औजार उपलब्ध होने जरूरी : डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय मैनवल स्कैवेंजर सतर्कता कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने जिला स्तरीय मैनवल स्कैवेंजर सतर्कता कमेटी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों के लिए हेल्थ चैकअप का प्रबंध करें।

---

## सरकारी स्कूलों में अब आधुनिक संसाधन और अनुभवी शिक्षक : शिवकुमार तंवर

# प्रवेश उत्सव : विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर गिनवाई स्कूलों की उपलब्धियां

**प्रवेश उत्सव के तहत राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के विद्यार्थियों ने निकाली रैली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। दाखिले को लेकर जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश भर के सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों के दाखिले करवाने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले बारे प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी मंगलवार को जिला के गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में फालसा यूथ एंड इको क्लब घुसकानी के नोडल अधिकारी विनोद पिंकू पीटीआई द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फालसा यूथ एंड इको क्लब घुसकानी के नोडल अधिकारी पीटीआई विनोद पिंकू ने बताया कि रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने गांव की गली-गली घुम घुमकर सरकारी स्कूल की उपलब्धियों बारे ग्रामीणों को बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि आज सरकारी स्कूल किन्ही भी मायनों में निजी स्कूलों से कम नहीं है तथा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी ना केवल शिक्षा, बल्कि व अन्य गतिविधियों में भी देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। पिंकू ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाना ही मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब आधुनिक संसाधन और अनुभवी शिक्षक उपलब्ध हैं। हमे बच्चों को यहां दाखिला दिलाने के लिए जागरूक होना चाहिए, ताकि वे एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। बीईओ ने कहा कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि सामाजिक संदेश से भी जोड़ा जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य उन अभिभावकों को जागरूक करना था जो अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित रख रहे हैं या निजी स्कूलों की तुलना में सरकारी स्कूलों को कमतर मानते हैं। शिक्षा विभाग ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही है, ताकि हर बच्चा शिक्षा का हकदार बन सके। इस अवसर पर मुकेश सांगवान, लक्ष्मी देवी, अनिल शर्मा विज्ञान अध्यापक, गुड्डी देवी, बबीता देवी, प्रवेश कुमारी, जोगेंद्र आद शिक्षक मौजूद रहे।



भिवानी। दाखिले को लेकर अभियान चलाते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी विद्यालयों में दाखिले के शैड्यूल के बाद अध्यापकों ने चलाया दाखिला अभियान

*भिवानी। सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शैड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसके तहत कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिले एक अप्रैल से शुरू होंगे। कक्षा 9वीं के सामान्य दाखिले तथा कक्षा 11वीं के प्रोविजनल दाखिले किए जाएंगे। अध्यापकों ने बच्चों के दाखिलों के लिए अभी से घर-घर जाकर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को दी जा रही शिक्षा व अन्य सुविधाओं बारे अवगत करवाना शुरू कर दिया है। शिक्षा विभाग की तरफ से भी प्रवेश उत्सव के तहत सभी शिक्षा अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में दाखिले बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए है। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत जिला के गांव सांगा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमकि विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पहले के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने गांव सांगा, बडाला व उमरावत में घर-घर जाकर बच्चों को सरकारी विद्यालय में दाखिले के लिए प्रोत्साहित किया।*

---



भिवानी। विश्राम गृह में पुलिस व अनुसूचित जाति के लोगों की सुनवाई करते चेयरमैन।

# अब लोगों को नहीं जाना पड़ेगा पंचकुलाः डॉ. रविंद्र

- आयोग ने जिला मुख्यालय में शिकायतों की सुनवाई करके की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला ने कहा कि आयोग का मुख्य कार्य अनुसूचित जाति के लोगों के अधिकारों की रक्षा करना तथा सरकार द्वारा इस समुदाय के कल्याण के लिए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा करना है। आयोग सरकार को विभिन्न मामलों में सिफारिशें भी भेज सकता है। आयोग को प्राप्त शक्तियों के अनुसार आयोग अनुसूचित जाति के लोगों पर किए जा रहे अत्याचारों पर अंकुश लगाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करता है। चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला, वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर, सदस्य रवि तरवाली व मीना नरवाल लोकनिर्माण विश्राम गृह में आयोग व पुलिस को अनुसूचित जाति के लोगों से प्राप्त शिकायतों की दोनों पक्षों की मौजूदगी में सुनवाई कर रहे थे। सुनवाई में रखे गए मामलों की चेयरमैन की अध्यक्षता में आयोग ने शिकायतकर्ताओं व अभियुक्तों से जानकारी ली। डॉ. बलियाला ने कहा कि आयोग द्वारा जिला मुख्यालय पर शिकायतों की सुनवाई की शुरूआत की है, ताकि लोगों को पंचकुला न जाना पड़े।

### सहायता राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए

चेयरमैन ने कहा कि सरकार व आयोग अनुसूचित जाति के अधिकारों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर व संवेदनशील है। उन्होंने विभिन्न शिकायतों के संदर्भ में सम्बंधित जांच अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि एट्रोसिटी एक्ट के केसों में पीड़ित पक्ष को सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि कम गंभीर मामलों में आपसी समझौते के तहत शिकायत का निपटारा किया जाना चाहिए।

---

# छात्रों ने राष्ट्रपति भवन का किया भ्रमण

- राष्ट्रपति संग्रहालय के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जानी पूर्व राष्ट्रध्यक्षों की गौरव गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। राष्ट्रपति भवन संग्रहालय का भ्रमण करते शिक्षक व विद्यार्थी।

वैश्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षिण भ्रमण किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता के संयोजन में विद्यार्थियों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के राष्ट्रपति संग्रहालय समेत कई ऐतिहासिक स्थलों पर भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विद्यार्थियों के दल को रवाना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों से विद्यार्थियों को देश के प्राचीन गौरव गाथा की जानकारी मिलती है। विभागाध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में वाणिज्य विभाग के 21 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन के राष्ट्रपति संग्रहालय में पूर्व राष्ट्रपतियों की प्रतिमाएं, राष्ट्रपति भवन की ज्ञान संबंधी वस्तुएं, डाक टिकटे, पुस्तकें व अन्य संजोई गई स्मृतियां देखी। विद्यार्थियों ने मिग-21 विमान का भी अवलोकन किया। विद्यार्थिगों ने ऐतिहासिक स्थल लाल किले में भारत के अतीत को जाना। उन्होंने अक्षरधाम मंदिर के भी दर्शन किए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को स्मारक स्थलों के प्रबंधन, राष्ट्रपति संग्रहालय, पूर्व राष्ट्रपतियों की उपलब्धियों, लाल किले की संचालन व्यवस्था, नगर शैली व अक्षरधाम मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

---

# मजदूरों को दी स्वास्थ्य की जानकारी

- टीबी जागरूकता एवं सतर्कता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। शिविर में टीबी के प्रति जागरूक करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रेडक्रॉस हरियाणा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी के जन्मदिन पर टीबी जागरूकता एवं सतर्कता अभियान चला गांव विरहीकला स्टोन क्रेशर इलाके में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्टोन क्रेशर उद्योग से जुड़े मालिकों, कर्मचारियों और मजदूरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने सभी सहभागियों का धन्यवाद व्यक्त किया और अभियान को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की। चिराग स्टोन क्रेशर से रविंदर सांगवान ने स्वास्थ्य विभाग और रेड क्रॉस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोग टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सतर्क रहें और इससे बचाव के उपाय अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और बीमारी की रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रधान मुकेश सांगवान, रविंद्र ठेकेदार सांगवान, पूर्व प्रधान मुख्तार, पूर्व प्रधान जयभगवान, एक्स सरपंच लीलू ,धर्मेंद्र सांगवान, प्रदीप मास्टर, परमेश मेहला, कालू मास्टर, बबलू मास्टर, धर्मवीर सांगवान आदि मौजूद रहे।

### टीबी के लक्षण बताए

स्वास्थ्य विशेषज्ञों में दलबीर सिंह sने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, कारण, बचाव और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस के अधिकारियों ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

---

# एकादशी पर गोदान का महत्व बताया

- पापों से मुक्ति व मोक्ष प्राप्ति में सहायक माना जाता है एकादशी का व्रत : संत स्वामी पूर्णेन्दु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। आयोजित कथा में प्रवचन देते संत स्वामी पुर्णेंदू । फोटो : हरिभूमि

शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. के संयोजन में कीर्ति नगर स्थित मंगेज भवन में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को सदगृहस्थ संत स्वामी पूर्णेन्दु ने श्रद्धालुओं को एकादशी व्रत और गौदान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप कुमार उर्फ सोनू व कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति में कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा तथा श्रद्धालुगण भी भजनों पर झूमते नजर आए। उन्होंने बताया कि संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 29 मार्च तक चलेगी तथा 29 मार्च को हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजे से 6 बजे तक कथा वाचन तथा इससे पूर्व प्रतिदिन सवा 12 बजे भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक सदगृहस्थ संत स्वामी पूर्णेन्दु महाराज ने बताया कि एकादशी व्रत का विशेष महत्व है, क्योंकि यह व्रत पापों से मुक्ति दिलाने वाला और मोक्ष प्राप्ति में सहायक माना जाता है। उन्होंने कहा कि जो भक्त एकादशी के दिन गौदान करता है, उसे पुण्यलोक की प्राप्ति होती है। गौदान से समस्त दोषों का नाश होता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर शिव शक्ति सनातन धर्म के अध्यक्ष प्रदीप पाराशर उर्फ सोनू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, संतोष हुड्डा, माया मुदगिल, केला देवी तालु, राजेश सहरावत, श्रीनिवास शर्मा मिताथल, मंजीत तंवर, रामावतार, प्रवीण पाराशर, भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू सैनी, शशि परमार, सुनीता तंवर, चरणानंद मिताथल, श्यामवीर भटिंडा, नाहर सिंह, त्रिलोक मेहता, चंद्रा गुप्ता, राजेश गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

---

# इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च प्रोजेक्ट की जानकारी ली

- आईडीटीआर सेंटर पर आई 18 करोड़ की लागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

परिवहन विभाग के एसीएस अशोक खेमका ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला भिवानी, नूंह व फरीदाबाद के उपायुक्तों के साथ समीक्षा की।

खेमका ने आईडीटीआर यानि इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च सेंटर प्रोजेक्ट बारे उपायुक्तों से विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसीएस अशोक खेमका ने वीसी के माध्यम से जुड़े भिवानी उपायुक्त महावीर कौशिक से इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च प्रोजेक्ट बारे विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त कौशिक ने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए एसीएस खेमका को बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च सेंटर प्रोजेक्ट गावं कालुवास में लगभग 10 एकड़ जमीन में बनाया गया है। इस पर लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत आई है। इस प्रोजेक्ट का सारा खर्च केंद्रीय परिवहन विभाग द्वारा वहन किया गया है।

इस प्रोजेक्ट का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जिला प्रशासन द्वारा इसका हेंडओवर ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि

### वीसी में एसीएस ने उपायुक्त को दिए निर्देश

वीसी में एसीएस ने उपायुक्त को आईडीटीआर सेंटर में फर्नीचर आदि सुविधाओं को पूरा करने के लिए कमेटी बनाकार इस कार्य को अति शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट पर चर्चा करते हुए बताया इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च सेंटर की देखरेख टाटा मोटर्स द्वारा की जाएगी। इसके अलावा स्टाप, ट्रेक समूलेटर इत्यादि व अन्य जरूरी संसाधन भी टाटा मोटर्स द्वारा तैयार करवाया जाएगा। उन्होंने उपायुक्तों को आदेश दिए कि शीघ्र सभी मूलभूत सुविधाएं पूरी करवाकर 15 अगस्त 2025 तक आईडीटीआर का लोकार्पण करवाना सुनिश्चित किया जाए। वीसी में आरटीए मनोज कुमार व युद्धवीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# एसडीएम ने की योजना की समीक्षा

- सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की समीक्षा बैठक में एसडीएम ने दिए जरूरी निर्देश
- एससी/एसटी एक्ट बारे लोगों को जागरूक करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में मंगलवार को उप मंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में एसडीएम ने अत्याचार निवारण योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को एससी/एसटी एक्ट बारे लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 85 हजार से सवा आठ लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

### तुरंत प्रदान करें सहायता

एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की घटनाओं से पीड़ित एससी/एसटी जाति वर्ग के लोगों को सरकार की हिदायतों के अनुसार तुरंत प्रभाव से आर्थिक व कानूनी सहायता प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला के जिन क्षेत्रों में ज्यादा घटनाएं होती हैं उन क्षेत्रों को चिह्नित करके व्यापक स्तर पर आमजन को जागरूक करने तथा आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी एक्ट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाएं ताकि पीड़ित व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सकें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि जिन केसों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जाते है तो उसी समय उसकी एक प्रति संबंधित विभाग में भी भिजवाई जाए और जल्द से जल्द चालान न्यायालय में पेश किए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अखराज यानी कैंसिल किए गए केसों का भी पूरा विवरण बैठक में लेकर आए। तहसील कल्याण अधिकारी अश्विनी ने एसडीएम को बताया कि एक नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक उपमंडल भिवानी में 11 केस एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए है। उन्होंने बताया कि छह व्यक्तियों को आर्थिक सहायता राशि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि चार केस अखराज यानी कैंसल किए गए हैं।

---

## धर्म एवं आस्था के प्रतीक स्वरूप निकाली ध्वजा यात्राः गोयल

# रामकथा व सत्संग से पहले कलश यात्रा निकाली

- यात्रा की शुरुआत खाकी बाबा मंदिर से हुई, जहां भक्तों ने ध्वजा पूजन कर मंगल मंत्रोच्चार के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। शहर में ध्वजा यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीखाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर द्वारा 26 मार्च से एक अप्रैल तक खाकी बाबा मंदिर में श्रीराम कथा एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा। रामकथा व सत्संग से पहले मंगलवार को शहर में कलश यात्रा निकाली गई। सर्व व्यवस्था प्रमुख पवन गोयल व कार्यक्रम प्रमुख सुभाष गोयल ने बताया कि कलश यात्रा में भक्तों ने श्रद्धा एवं उल्लास से भाग लिया। यह यात्रा धर्म और आस्था के प्रतीक स्वरूप निकाली, जो पूरे नगर में भक्ति एवं प्रेम का संदेश फैलाती रही। उन्होंने बताया कि यात्रा की शुरुआत खाकी बाबा मंदिर से हुई, जहां भक्तों ने ध्वजा पूजन कर मंगल मंत्रोच्चार के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया।

### जय श्रीराम के जयघोष से गूंज सारा नगर

शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की आकर्षक झांकियां लोगों के बीच आस्था का संचार कर रही थी। भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े और पूरा नगर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कलश यात्रा खाकी बाबा मंदिर से किरोड़ीमल मंदिर, बिचला बाजार, जैन चौक, अनाजमंडी, हालु बाजार होते खाकी बाबा मंदिर में ही संपन्न हुई। ध्वजा यात्रा के दौरान श्रद्धालु फूल बरसाते नजर आए और कई जगहों पर भक्तों ने स्वागत किया। इस ध्वजा यात्रा का उद्देश्य लोगों में धार्मिक चेतना जागृत करना और कथा व सत्संग के प्रति श्रद्धा बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि आनंद महाराज ऋषिकेश के सान्निध्य में 26 मार्च से एक अप्रैल तक प्रातः 5 से साढ़े 6 बजे तक प्रार्थना एवं सत्संग, प्रातः 7 से 8 बजे तक प्रभात फेरी तथा दोपहर 3 से सांय 6 बजे तक श्रीरामकथा एवं दिव्य प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सत्यनारायण मित्तल, सुभाष गोयल, रामचंद्र मित्तल, प्रवीण गर्ग, विजय टुटेजा, प्रवीण बंसल, धीरज सैनी, नत्थुराम केडिया, राजेश गोयल आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

# मेरा नौ डांडी का बीजणा, मेरे हाथ में नेजु डोल गीत से बिखेरी हरियाणवी संस्कृति की छटा



भिवानी। वैश्य मॉडल स्कूल में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

### वैश्य मॉडल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम उद्घोषणा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हमारा उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उनकी नैतिकता, नेतृत्व कौशल एवं रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करना है, ये बात वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कही। वे प्राइमरी विभाग के वार्षिक परीक्षा परिणाम उद्घोषणा दिवस पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुप्ता, महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला, पूर्व सदस्य कमलेश चौधरी, प्राचार्या कमला गुरेजा व जूनियर विंग की इंचार्ज ने द्वीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके किया। प्राचार्या ने बताया कि प्राइमरी विभाग में 1133 विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा दी, जिनमें से 419 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश वंदना से किया। स्कूली छात्राओं ने मेरा नौ डांडी का बिजणा, मेरे हथ में नैजू डोल गीत पर हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सब झूमने पर मजबूर हो गए और जमकर तालियां बजाई। पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने बाल श्रीराम कथा के करुणामयी व रसात्मक मंचन से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित किया। एकल क्लासिकल नृत्य ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रैस, नृत्य, कविता पाठ आदि से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात अलग-अलग कक्षाओं के विभिन्न विभागों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों, प्राचार्या व जूनियर विंग इंचार्ज ने सम्मानित किया।

**दी बधाई**

*कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट आमंत्रित अतिथि प्रमुख व्यवसायी प्रवीण गर्ग, पवन अग्रवाल एवं कमलेश चौधरी ने विद्यार्थियों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। मंच संचालन अध्यापिका कीर्ति, नविता व पांचवी कक्षा की यशु व मायरा ने किया। प्राचार्या गुरेजा ने वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह के सफल आयोजन पर अभिभावकवृंद, विद्यार्थियों व अध्यापकवृंद को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्मार्ट वर्क के साथ लक्ष्य को साधते रहिए, ताकि जीवन में हर मुकाम पर सफल हो सके। कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों एवं अतिथियों का जूनियर इंचार्ज मीना खत्री ने आभार जताया।*



## लिटिल हार्टस स्कूल में वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**भिवानी।** लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल के प्रथम वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्रधान त्रिलोकचंद गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीश व जिला लीगल सर्विस एथोरिटी के सचिव पवन कुमार, न्यायाधीश मीता कोहली व एडवोकेट शिवरत्तन गुप्ता मुख्यतिथि, महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के प्रधान रामदेव तायल, सत्यजीत पिलानिया, आदि विशिष्ट अतिथि पहुंचे। इस अवसर पर गिगिदेवी, उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, सीएल बंसल, महासचिव संजय गोयल, सीमा गोयल, प्रबंध निदेशक पवन गोयल व भावना गोयल आदि उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंध निदेशक पवन गोयल ने बताया कि लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी विद्यालयों के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखा जाता हैं। प्ले ग्रुप के समयक, एजल घणघस, सारांश, जैविन, शंशाक, तक्षिल, भूमि ने 'फाइव लिटल मंकी', नर्सरी कक्षा के गर्वित, स्वास्तिक, वर्णित, रियांशु, योमित, स्वास्तिक जैन ने 'जंगल-जंगल बात चली है', युकेजी कक्षा के आयांश, धारवी, धारविक, ध्रुव, हेतांश, अनवी, चैतन्य ने 'देशभक्ति गीत', प्रथम कक्षा के हंशित, हेमांश, प्रितांश, देव, युक्त, इरा, काव्या ने 'फिर मिलेंगे' द्वितीय कक्षा के बच्चों ने निमित, चारवी, सायरा, प्रतीक, याहना, यशवर्धन शहीद भगतसिंह पर नाटिका, तृतीय कक्षा के कनन, नमिष, आध्या, युवराज, भानुप्रताप ने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत किए। अतिथियों को स्मृति चिह्न तथा शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अजय जालान, अजय बंसल विजय गोयल, आयुष गोयल, प्राचार्या आरती शर्मा, प्राचार्या वीना सेठ, प्राचार्य दीपक जोशी, प्राचार्या वीना सेठ, उपप्राचार्य मनमोहन चावला, सुदेश तुलस्यान आदि उपस्थित था।



## प्ले ग्रुप के बच्चों व उनके अभिभावकों ने किया आकर्षक रैंप वॉक

**भिवानी।** दिल्ली वंडर वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव "कामयाबी" का भव्य आयोजन किया, जिसमें नन्हे बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्ले ग्रुप के बच्चों और उनके अभिभावकों ने आकर्षक रैंप वॉक से हुई, जिसने सबका मनमोह लिया। इसके बाद नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षा के बच्चों ने अपनी उत्साहपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी के बच्चों ने दो नृत्य, एलकेजी के छात्रों ने दो शानदार प्रस्तुतियां और यूकेजी के बच्चों ने दो मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और विद्यालय के प्रयास की सराहना की। विद्यालय के निदेशक विनय शर्मा एवं मुख्याध्यापिका ज्योति वाधवा ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय परिवार शानदार आयोजन की सफलता पर सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता है।




## नन्हें-मुन्हे बच्चों ने राजस्थानी व पंजाबी गीतों पर दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**भिवानी।** बीपीएस स्टेपिंग स्टोन विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। विद्यालय में यूकेजी के छात्रों का दीक्षांत समारोह किया, ताकि वह भिवानी पब्लिक स्कूल या डीआरपी भिवानी पब्लिक स्कूल में आगे की शिक्षा आरंभ कर सके। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। समारोह में प्ले ग्रुप, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत किया। गणेश वंदना, राजस्थानी नृत्य व पंजाबी नृत्य ने उपस्थित परिजनों का मनमोह लिया। प्राचार्य ने बताया कि नन्हें-मुन्ने बच्चों ने वर्षभर अनेक प्रकार की सहशैक्षणिक गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। निर्देशिका आशा पाहुजा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी मेहनत कर निरंतर प्रयास कर आगे बढ़ते रहे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

**खबर संक्षेप**

### पूर्व सरपंच प्रतिनिधि के निधन पर जताया शोक

**बहल।** चैहड़ खुर्द गांव के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह के निधन पर राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शोक जताया है। लोगों ने कहा कि राजेन्द्र सिह समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनके निधन से गहरी क्षति हुई है। पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, टोनी बराला, धोलू सरपंच, पूर्व डीईओ धूपसिंह आर्य आदि ने शोक जताया।

### जन समस्याओं का हो रहा समाधानः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** जिला प्रशासन की ओर समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत पर उचित एवं प्रभावी कार्रवाई करवाए जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, जमीनी विवाद और अन्य विभागों से संबधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनकर विभागीय अधिकारियों को न्यायोचित कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### रिहायशी खेल अकादमी में कल होगा ट्रायल

**भिवानी।** खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के मकसद से रिहायशी खेल अकादमी के लिए खेल विभाग द्वारा ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल 27 मार्च को भीम स्टेडियम में स्थापित बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि भीम स्टेडियम में स्थापित बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 27 मार्च को प्रातः 8 बजे होगा।

### गांव-गांव जाकर जागरूक कर रहे अधिवक्ता जयमल

**भिवानी।** अधिवक्ता जयमल सिंह एक विशेष जागरूकता अभियान चलाकर विमुक्त घुमंतु जाति के लोगों को अधिकारों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। अधिवक्ता जयमल सिंह ने मंगलवार को भी विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने विमुक्त घुमंतु जातियों के लोग आज भी शिक्षा और आर्थिक अवसरों से वंचित है। वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

---

## ईशु को सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर का खिताब मिला

- एनएसएस युवाओं को समाजसेवा के लिए करती प्रेरित : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। अतिथियों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

सात दिवसीय एनएसएस प्रसिद्ध समाजसेवी रंजना बुवानीवाला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्यतिथि रंजना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करती है और उन्हें नेतृत्व, संचार कौशल और समस्या समाधान करने की कला विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एनएसएस युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाली स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए।

अंजलि शर्मा और प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के रूप में सम्मानित किया। ईशु को सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर, शीतल को सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर, गरिमा, नैना और कोमल को सर्वश्रेष्ठ वीडियोग्राफर के खिताब से सम्मानित किया। वहीं अनुष्का व मुस्कान को बेहतरीन एंकरिंग के लिए पुरस्कृत किया।

**प्राचार्या ने दी बधाई :** कैंप की सफलता पर प्राचार्या ने एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. निशा शर्मा, यूनिट प्रथम अधिकारी डॉ. दीपू सैनी, डॉ. सुनंदा व यूनिट द्वितीय अधिकारी डॉ. नूतन शर्मा एवं डॉ. निधि बुरा को बधाई दी।

## सरसों की खरीद शुरू करवाने की मांग

- किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



तोशाम। सरसों की खरीद शुरू करवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कस्बा तोशाम के रेस्ट हाऊस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकिसं के जिला मंत्री जयप्रकाश बराला व संचालन जिला अध्यक्ष अजमेर तालु ने किया। बैठक के दौरान अनाज मंडियों में खरीद शुरू ना होना अहम मुद्दा रहा। बैठक के दौरान भाकिसं ने मांग की कि बीत दिनों हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की जल्द भरपाई की जाए। इसके उपरांत भाकिसं पदाधिकारियों ने गांव भेरा के खेतों में लगी आग से किसान को हुए नुकसान की भरपाई की मांग का मांगपत्र भी एसडीएम को सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री एवं बिजली आयाम प्रमुख महिपाल बड़दू ने कहा कि सरकारी खरीद शुरू होने के 10 दिनों के बाद भी सरसो का एक भी दाना नहीं बिक पाया है, जो कि सरकार व प्रशासन के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि सरसो की खरीद शुरू ना होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की सरसो मंडियों में खुले में पड़ी है।

**60 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दें**

भाकिसं के युवा जिला अध्यक्ष पवन लक्ष्मणपुरा, सह सचिव कुलदीप व तोशाम ब्लॉक अध्यक्ष मांगेराम सिंढ़ाण ने बताया कि उनके पास क्षेत्र के गांव भेरा के किसान के खेत में अनजान कारणों से आग लगने की सूचना आई थी तथा आग लगने के कारण उक्त किसान की करीबन 2-3 एकड़ में पकी-पकाई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिसका प्रशासन को जल्द मुआवजा दिया जाना चाहिए। आग लगने के कारण बर्बाद हुई फसल का 60 हजार रूपये प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर भाकिसं पदाधिकारियों ने तोशाम एसडीएम को मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र सौंपते हुए भाकिसं जिला मंत्री जयप्रकाश बराला ने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे है।

## कलस्टर स्तरीय बैठक का आयोजन

- सरकार की सभी सुविधाओं से परिजनों को अवगत कराने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा वीर शहीद कपिल देव जी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मीटिंग में संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा वीर शहीद कपिल देव जी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कलस्टर के विद्यालय मुखियाओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि विभाग के आदेशानुसार जीरो ड्रापआपट पर फोकस करना है, परीक्षा परिणाम निर्धारित तिथि को घोष्ति करते हुए पुस्तकों का आदान प्रदान करवाना है और मॉडल संस्कृति विद्यालय में अंग्रेजी मीडियम के प्रति परिजनों व बच्चों को जागरूक करना है। उन्होंने छात्र संख्या बढ़ाने व जीरो ड्रापआपट को लेकर वार्डवाइज टीमें गठित की ताकि कोई बच्चा दाखिला से वंचित न रहे। वहीं 5वीं कक्षा के हर बच्चें की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के भी आदेश दिए ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

**केवल एक बार लगती है दाखिला फीस**

उन्होने बताया कि छटी कक्षा से 12वीं कक्षा तक केवल एक बार दाखिल फीस लगती है। बालवाटिका से 12वीं तक दाखिला अभियान के प्रति प्रेरित करते हुए फ्री परिवहन सुविधा के बारे प्रेरित किया। प्राचार्या ने पिछले तीन माह से ड्रॉप आउट हुए बच्चों की पहचान करके दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 30 मार्च 2025 को उल्लास की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सर्वेयर को इसमें अपनी अहम भूमिका अदा करवाते हुए सुबह 10 से सांय 5 बजे तक परीक्षा करवानी है। सभी शिक्षकों में शारदा, दयावंती, विमल कुमार, विनोद कुमार, मनीष कुमार,अंजू, नीरज, सतेन्द्र कुमार ने सभी आदेशों की पालना करने की हामी भरी।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव के फायदे बताए

- एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते एक वक्ता।

मंगलवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान की जागरूकता को लेकर देश के भविष्य, राष्ट्र निर्माता विद्यार्थियों को संबोधित किया।

एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान की जागरूकता को लेकर देश के भविष्य को संबोधित करते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से सार्वजनिक धन की बचत तो होगी ही बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर तनाव कम होगा। उनका कहना था कि सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन होगा विकास की गतिविधियों पर प्रशासनिक ध्यान केंद्रित होगा चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा समय मिलेगा। चुनाव की आर्थिक लागत अधिक है, इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें भी हैं, चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती इसका भी फायदा होगा। अनिल शर्मा का कहना था कि संवेदनशील क्षेत्रों से इन बलों को हटाने और देश में जगह-जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र को एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान करना पड़ता है।

## सेक्टर-23 की टीम रही प्रतियोगिता की विजेता

- बहल अकादमी द्वारा सैमी शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहीदी दिवस पर चैंपियन डिफेंस अकादमी बहल द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर हर युवा को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उसके बाद प्रथम सेमी शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की शामिल 30 टीमों को धूल चटाते हुए प्रथम स्थान पर सेक्टर 23, भिवानी की टीम ने कब्जा किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बुसान गांव की टीम को सेक्टर 23की टीम के केवल पांच खिलाड़ियों ने ही हरा दिया, जबकि टीम में 6 खिलाड़ी होते है। जीत के हीरो टीम के नायक बूंदी ने जो भी सामने आया उनके भोरे भोरे कर दिए। छोटा पैकेट बड़ा धमाका मोहित उर्फ एलियन ने जीवट प्रतिभा को दिखाते हुए हर मैच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। माइंड गेम के बादशाह मुनेश इंजीनियर ने अपना लोहा मैदान में भी मनवा ही लिया। प्रतियोगिता में नितिन, मोनार्क एवं जोगिंदर जादू टीम मैनेजर उपस्थित रहे। टीम की जीत में शामिल हुए विकास पेंट हाउस बहल के मालिक विकास गोस्वामी ने सभी का रात्रि भोज का आयोजन कर स्वागत किया।

### इंटरपोली स्टेट चैंपियनस का भव्य स्वागत

## विजेता खिलाड़ियों का संस्थान में किया स्वागत

- सिद्धांत व गुलशन ने जीती इन्टरपोली में बेस्ट एथलीट और सैकेंड बेस्ट एथलीट की ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। इंटरपोली स्टेट चैंपियनस का अभिनंदन करते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

सैंतीसवीं अन्तर बहुतकनीकी ऐथलेटिकस मीट में ट्रॉफी जीतकर अपने संस्थान में लौटे एथलीट दल का सेक्टर 13 स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पहुंचने पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने भव्य स्वागत किया। अपने गले में पदक और हाथों में ट्राफियां लेकर संस्थान में लौटे विजेता खिलाड़ियों का स्टाफ सदस्यों ने संस्थान के गेट पर फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और संस्थान के मार्गों के दोनों तरफ खड़े छात्र और छात्राओं ने ढोल नगाड़ों के साथ ख़ुशी से झूमते, नाचते-गाते, पुष्प वर्षा कर एथलीट्स का वैलकम चैंपियनस के नारों के साथ स्वागत किया।

**संस्थान में देसी घी के लड्डू बांटे**

स्टेट चैंपियनस के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों की अभूतपूर्व उपलब्धि से गद्गद संस्थान की प्राचार्या डॉ. गीता गुलिया ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लग्न से कुछ ही वर्षों में संस्थान को पूरे हरियाणा में नम्बर वन बना दिया है। उन्होंने चैंपियन बनकर लौटे एथलीट दल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि पर चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को गर्व है और ये जीत भविष्य में भी हम सब को प्रेरणा और हौंसला देती रहेगी। टीपीओ बृजमोहन, फूड विभागाध्यक्ष राजेश जिन्दल, डीएस अजीत सिंह, फैशन विभागाध्यक्षा डॉ. कविता पन्नू आदि ने विजेताओं को बधाई दी। सैंतीसवीं इन्टरपोली में बेस्ट एथलीट और सैकेंड बेस्ट एथलीट की ट्राफियां लेकर पहुंचे कुमार सिद्धांत और गुलशन तंवर तथा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक लेकर लौटे जावेद, जतिन, विपुल, दीपक, रीतु, मुस्कान, ममता, अर्शिता, इशु, खुशी और रिंकू को प्राचार्या डॉ. गीता गुलिया ने संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह एवं ट्रैक सूट्स भेंटकर सम्मानित किया। खुशी के मौके पर संस्थान में देसी घी के लड्डू बांटे गए।